




# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ शनिवार,23,अगस्त 2025 Follow us on:/ planetnewsindia776@gmail.com


# Chamoli Cloudburst

## थराली में बादल फटा... तहसील और कई घरों में घुसा मलबा, दो लापता, गाड़ियां दबीं; स्कूल बंद



उत्तराखंड के चमोली के थराली तहसील में देर रात बादल फटने से काफी नुकसान होने की आशंका है। बादल फटने से काफी मलबा आया है, जिससे एसडीएम आवास समेत कई मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। चमोली के डीएम संदीप तिवारी ने यह जानकारी दी है।उत्तराखंड के चमोली जिले में बादल फटने से तबाही मच गई है। थराली तहसील के टूनरी गदेरा में बादल फटने की खबर है। देर रात बादल फटने से थराली बाजार, कोटदीप, तहसील थराली परिसर में काफी मलबा आ गया है। इसके अलावा चेपड़ों और सागवाड़ा के अलावा कई इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। राहत और बचाव कार्यों के लिए गौचर से एनडीआरफ और आईटीबीपी, ग्वालदम से एसएसबी रवाना हो गई है।बादल फटने से घरों में मलबा आ गया है , दुकानों में भी नुकसान हुआ है। तहसील परिसर में कुछ गाड़ियां भी मलबे में दबी हैं। सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। एक युवती और एक बुजुर्ग लापता हैं। एनडीआरएफ की टीम मौके के लिए रवाना हो चुकी है। स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन की टीमें बचाव कार्य में जुटी हैं।थराली के तहसील परिसर राड़ीबगड़ में एक बरसाती गदेरा अचानक उफान पर आ गया। एसडीएम आवास मलबे से दब गया। एसडीएम समेत अन्य ने रात अवकाश घोषित कर दिया गया

# भारत अपना स्पेस स्टेशन भी बनाएगा

## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर अपने संबोधन में बोले पीएम मोदी



प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की बधाई देते हुए कहा कि 'दो साल पहले ही भारत ऐसा पहला देश बना था जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने का इतिहास रचा। हम उन देशों में भी शामिल हो गए हैं, जिन्होंने अंतरिक्ष में डॉकिंग और अनडॉकिंग की क्षमता हासिल कर ली है।'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में भारत मंडपम में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला के साथ गगनयान मिशन पर जाने वाले अन्य अंतरिक्षयात्री भी मौजूद रहे। साथ ही केंद्रीय विज्ञान और तकनीक मंत्री जितेंद्र सिंह और इसरो के चेयरमैन वी नारायणन भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअली संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने देशवासियों को दूसरे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'इस बार के अंतरिक्ष दिवस की थीम आर्यभट्ट से गगनयान तक है। इसमें अतीत का आत्मविश्वास भी है और भविष्य का संकल्प भी। आज हम देख रहे हैं कि इतने कम समय में ही राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस हमारे युवाओं के बीच उत्साह और आकर्षण का विषय बन गया है। यह देश के लिए गौरव की बात है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि 'अंतरिक्ष क्षेत्र में एक के बाद एक नई उपलब्धि हासिल करना, ये भारत और भारत के वैज्ञानिकों का स्वभाव बन गया है। दो साल पहले ही भारत ऐसा पहला देश बना था जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने का इतिहास रचा। हम उन देशों में भी शामिल हो गए हैं, जिन्होंने अंतरिक्ष में डॉकिंग और अनडॉकिंग की क्षमता हासिल कर ली है।' उन्होंने कहा कि 'शुभांशु शुक्ला ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर तिरंगा फहराकर हर भारतीय

# CBI Raid

## सीबीआई ने अनिल अंबानी की आरकॉम पर 2000 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी का केस दर्ज किया, परिसरों पर छापे मारे




बैंक धोखाधड़ी मामले में आरकॉम और अनिल अंबानी से जुड़े परिसरों की सीबीआई तलाशी ले रही है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने कथित बैंक धोखाधड़ी के सिलसिले में शनिवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसके परिसरों की तलाशी ली। इस धोखाधड़ी से भारतीय स्टेट बैंक को 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि एजेंसी आरकॉम और उसके प्रमोटर निदेशक अनिल अंबानी से जुड़े परिसरों की तलाशी ले रही है।इससे पहले वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पिछले महीने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया था कि आरबीआई के धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन पर मास्टर निर्देशों और बैंक की बोर्ड की ओर से अनुमोदित धोखाधड़ी के वर्गीकरण, रिपोर्टिंग और प्रबंधन नीति के अनुसार इन संस्थाओं को 13 जून को फ्रॉड के रूप में वर्गीकृत किया गया था। उन्होंने कहा था कि 24 जून 2025 को बैंक ने आरबीआई को धोखाधड़ी के वर्गीकरण की सूचना दी।

## अब यूपी में निर्मित इलेक्ट्रिक वाहनों पर ही मिलेगी सब्सिडी ईवी पर 20 लाख तक मिलता है लाभ

अब यूपी में निर्मित इलेक्ट्रिक वाहनों पर ही सब्सिडी मिलेगी। इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। अंतिम निर्णय का इंतजार है। बताते चलें कि ईवी पर 20 लाख तक की सब्सिडी मिलती है। आगे पढ़ें और जानें पूरा प्लान...उत्तर प्रदेश में अक्तूबर महीने से अब यूपी में बनने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों पर ही सब्सिडी मिलेगी। ऐसी तैयारियां की जा रही हैं। इस बाबत प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है। इस पर अभी अंतिम निर्णय होना है। ऐसा होने पर इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए प्रदेश में यूनिटें लगाई जाएंगी। इससे रोजगार भी सृजित होगा। जबकि, अभी तक देश में कहीं भी निर्मित ईवी को यूपी में खरीदने पर सब्सिडी दी जा रही है।वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों की पॉलिसी लागू



इसके तहत ईवी पर सब्सिडी देकर वाहनों की बिक्री को बढ़ावा दिया गया। राजधानी लखनऊ सहित प्रदेशभर में बड़ी संख्या में वाहनों की खरीदारी हुई और ग्राहकों ने सब्सिडी का लाभ उठाया। करीब 60 करोड़ रुपये सब्सिडी के तहत दिए जा चुके हैं। इसी क्रम में अब पॉलिसी में बदलाव किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि 14 अक्तूबर से यह नया नियम लागू हो सकता है। चूंकि वर्ष 2022 में उपरोक्त तारीख से ही पॉलिसी लागू की गई थी, जिसके तीन वर्ष पूरे हो रहे हैं।अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में बनने वाले ईवी पर सब्सिडी देने से रोजगार सृजित होंगे। बड़ी-बड़ी कंपनियों को बिक्री बढ़ाने के लिए यूपी में यूनिटें लगानी होंगी। इससे रोजगार के साथ राजस्व की भी वृद्धि होगी। इससे प्रदेश की आर्थिक उन्नति होगी।अधिकारियों ने बताया कि 14 अक्तूबर, 2022 को ईवी पॉलिसी प्रदेश में लागू की गई थी। इसके तहत तीन साल तक ईवी खरीद पर शतप्रतिशत टैक्स व पंजीकरण में छूट दी जा रही है। इतना ही नहीं जिन्होंने टैक्स व पंजीकरण शुल्क भर दिया है, उन्हें रिफंड भी किया गया।परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार ईवी सब्सिडी के रूप में अब तक 60 करोड़ रुपये बांटे जा चुके हैं। इस वर्ष अप्रैल से अब तक कुल 40 करोड़ रुपये सब्सिडी दी गई है। इतना ही नहीं आरटीओ स्तर से सब्सिडी देने की घोषणा के बाद सब्सिडी वितरण में तेजी आई है।

# Supreme Court

## बिना अध्ययन रेत खनन पर्यावरण के लिए खतरनाक, सुप्रीम कोर्ट ने वैज्ञानिक विश्लेषण पर दिया जोर



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बिना उचित वैज्ञानिक अध्ययन के नदी तल से बालू खनन पारिस्थितिकी के लिए खतरनाक है। कोर्ट ने सतत और किफायती तरीके अपनाने की जरूरत बताई। जस्टिस नरसिम्हा और चंद्रूरकर की पीठ ने कहा कि निर्माण-ग्रेड बालू की वैश्विक मांग बढ़ रही है और 2050 तक इसकी भारी कमी हो सकती है।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नदी तल की मौजूदा स्थिति का उचित अध्ययन किए बिना बालू खनन के लिए पर्यावरणीय मंजूरी देना पारिस्थितिकी के लिए घातक साबित हो सकता है। शीर्ष अदालत ने सतत और किफायती तरीकों से नदी से बालू खनन के लिए वैज्ञानिक अध्ययन किए जाने पर जोर दिया। जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंद्रूरकर की पीठ ने कहा कि निर्माण कार्य में उपयोग होने वाली बालू की मांग बहुत तेजी से बढ़ रही है और अनुमान है कि 2050 तक दुनिया में निर्माण-ग्रेड बालू

# Aaj Ka Rashifal 23 August:

## कर्क राशि वालों के लिए सफलता लेकर आया है दिन

23 August Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 23 अगस्त 2025 का राशिफल। आज का दिन ज्योतिषीय दृष्टिकोण से विशेष रूप से महत्वपूर्ण है




### मेष

आज का दिन आपके लिए किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए रहेगा। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको किसी पैतृक मामले को मिल बैठकर निपटाने की आवश्यकता है। कोई भी निवेश बहुत ही सोच समझकर करने होंगे, नहीं तो उसमें कोई नुकसान होने की संभावना है। आपको अपने लेनदेन से संबंधित मामलों को मिल बैठकर निपटना होगा। आपकी कोई पुरानी इच्छा भी पुरी हो सकती है।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप अपनी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे। परिवार के सदस्यों के साथ आप समय बिताएंगे, जिससे आपको एक दूसरे के मन में चल रही उलझनों को जानने की कोशिश करनी होगी। बिजनेस में आप किसी के साथ पार्टनरशिप करेंगे, तो वह भी आपके लिए अच्छी रहेगी। कहीं बाहर जाने का मौका आपको मिल सकता है। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी और आप वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करें।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहने वाला है। काम को लेकर मेहनत अधिक रहेगी। आपको पैसों से जुड़े मामलों में थोड़ा सावधान रहना होगा। आप दिखावे के चक्कर में ना पड़े, नहीं तो समस्याएं बढ़ सकती हैं। आप किसी काम को लेकर लापरवाही न करें, नहीं तो बाद में आपकी मुश्किलें बढ़ेंगी। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। आपको परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए कारोबार में अच्छी सफलता लेकर आएगा। मन मुताबिक लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप अपनी वाणी पर संयम रखें, नहीं तो आपकी समस्या बढ़ सकती हैं। आपको किसी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। जो लोग प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहे हैं, उनकी कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। दोस्तों का आपको पूरा समर्थन मिलेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगो को कोई महत्वपूर्ण फैसला ले सकते हैं। आप किसी नए बिजनेस की शुरुआत कर सकते हैं। आप बिजली के उपकरणों से थोड़ी दूरी बनाकर रखें। परोपकार के कार्यो में आप बढ़कर हिस्सा लेंगे। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हे कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। नौकरी पेशा जातक इधर-उधर के कामों में धन लगाएंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भरपूर रहेगा। आप व्यस्त रहने के कारण अपने कामों को कल पर टालने की कोशिश करेंगे। माता जी की सेहत में यदि कोई गिरावट चल रही थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आपको कामों के लिए कोई पुरस्कार आदि मिल सकता है।

### तुला

आज का दिन आपके लिए आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने के लिए रहेगा। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। आप अपने कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड न रहे। आपके कामों में यदि कुछ समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। यदि आपने जल्दबाजी में कोई फैसला लिया था, तो वह आपको नुकसान दे सकता है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुश खबरी सुनने को मिल सकती है।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए किसी बड़े लक्ष्य को पकड़ कर चलने के लिए रहेगा। आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान सम्मान दिलवाएगी। आप सामाजिक कामों में समय लगाएंगे। धन को लेकर यदि कोई काम रुका हुआ था, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है। आप परिवार में किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको अपनी सेहत को लेकर थोड़ा एहतियात बरतनी होगी।

### धनु

आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। वैवाहिक जीवन में आपको तालमेल बनाकर चलना होगा। आस पड़ोस में यदि कोई विवाद की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसमें चुप लगाएं। आप मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे। आपके कुछ विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे, इसलिए आप किसी विरोधी की बातों पर भरोसा न करें। आप शौक मौज की चीजों की खरीदारी करेंगे। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

### मकर

आज का दिन आपके लिए इनकम के बढ़ते सोर्सो पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप नए प्रोजेक्ट की शुरुआत कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेंगी। बिजनेस में चल रही समस्याओं को लेकर किसी अनुभवी व्यक्ति से बातचीत कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेम व रोमांस भरपूर रहेगा और दोनों एक दूसरे की खूब केयर करेंगे। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। वाणी व व्यवहार पर संयम रखें। कोई पुरानी समस्या उभर सकती है। कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको किसी पारिवारिक समस्या को छोटा नहीं समझना है। आप किसी नए घर की खरीदारी के लिए यदि कोई लोन अप्लाई कर रहे थे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

### मीन

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी कार्यक्षेत्र में लोगों से खूब पटेगी, लेकिन आप अपनी सेहत के प्रति थोड़ा सचेत रहें। वाहन की खराबी के कारण अकस्मात धन खर्च हो सकता है। आज आपके कामों की सराहना होगी। वैवाहिक जीवन में खुशियां भरपूर रहेंगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आपके परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

आज का दिन ज्योतिषीय दृष्टिकोण से विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। चंद्रमा का गोचर सूर्य की राशि सिंह में मघा नक्षत्र से हो रहा है, जिससे सिंह राशि में सूर्य, चंद्रमा और केतु का त्रिग्रह योग बन रहा है। साथ ही कर्क राशि में शुक्र और बुध की युति से लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण हो रहा है। इन शुभ योगों का प्रभाव विशेष रूप से मिथुन, सिंह और मकर राशि वालों के लिए लाभकारी रहेगा। ऐसे शुभ संयोगों के बीच आइए जानते हैं कि आज का दिन आपके लिए क्या लेकर आया है – पढ़ें सभी राशियों का विस्तृत को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है। आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है।

# Special Trains

## त्योहारों पर सफर होगा आसान... दिवाली और छठ पूजा पर 20 जोड़ी विशेष ट्रेनें चलाएगा रेलवे



आगामी त्योहारों के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने तैयारी शुरू कर दी है। रेलवे दिवाली और छठ पूजा पर विशेष ट्रेनों का संचालन करेगा। बिहार, पूर्वांचल को जाने वाली यह ट्रेनें बरेली होकर गुजरेंगी। जल्द ही इन ट्रेनों की समय सारिणी जारी की जाएगी। अक्तूबर में दिवाली और छठ पूजा पर बरेली होते हुए पूर्वांचल व बिहार की ओर जाने-आने वाली ट्रेनें अभी से फुल हो गई हैं। इस वर्ष दीपोत्सव 19 से 22 अक्तूबर और छठ पूजा 25 से 28 अक्तूबर के बीच है। ऐसे में त्योहार पर घर जाने और काम पर वापसी के लिए लोगों को कन्फर्म टिकट मिल सके इसके लिए रेलवे बरेली होते हुए 20 जोड़ी विशेष ट्रेनों का संचालन करेगा।रेलवे दो माह पहले तक टिकट बुकिंग कराने की सुविधा देता है। ऐसे में दिवाली और छठ पूजा जैसे त्योहारों के दौरान कई ट्रेनों में अभी से नो रूम होने के कारण टिकट बुकिंग बंद हो गई है। नियमित ट्रेनों पर दबाव के बीच रेलवे ने बरेली होकर गुजरने वाली चार जोड़ी ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों के फेरों को भी बढ़ाया है।

## चोरी की कारें काटने वाले अब काट रहे मुर्गे



एसएसपी डा. विपिन ताडा के निर्देश पर सदर बाजार थाना पुलिस ने सोतीगंज में कबाड़ियों का सत्यापन किया। 122 दुकानों के सत्यापन में पता चला कि अब यहां कटान नहीं होता। कबाड़ियों ने अन्य काम कर लिए हैं। कोई ई-रिक्शा चला रहा है, तो कोई नौकरी कर रहा है। चोरी और लूट के वाहनों के कटान के नाम पर बदनाम सोतीगंज में अब वाहन नहीं मुर्गे कट रहे हैं। साथ ही अंडे आदि बेचे जा रहे हैं। कुछ लोग ई-रिक्शा या अन्य मजदूरी करके गुजारा चला रहे हैं। एसएसपी डा. विपिन ताडा के निर्देश पर सदर बाजार पुलिस ने सोतीगंज में कबाड़ियों का सत्यापन किया। पता चला कि अब कटान बंद हो गया है। हालांकि चर्चा है कि अब दूसरी जगह कटान शिफ्ट हो गया है।एसएसपी डा. विपिन ताडा के निर्देश पर सदर बाजार अंतर्गत चौकी सोतीगंज क्षेत्र में कबाड़ी एवं ऑटो पार्ट्स की दुकानों का सत्यापन कराया गया। सत्यापन के दौरान 122 दुकानदार/व्यक्तियों की सूची का मिलान कर वर्तमान स्थिति की जांच की गई। इसमें कई दुकानें बंद पाई गईं, कुछ दुकानों का कार्य अन्य स्थानांतरित पाया गया तथा कुछ दुकानों में वर्तमान में अलग कार्य संचालित हो कोई मुर्गा काट रहा है तो कोई नाई की दुकान कर रहा है। सब ने अपने इस काले व्यापार को फिलहाल वर्तमान में भी बंद किया हुआ है। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि इस सत्यापन का उद्देश्य अवैध गतिविधियों की वर्तमान स्थिति के संबंध में जानकारी करना एवं संदिग्ध एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना है। पुलिस द्वारा संबंधित व्यक्तियों का डाटा संकलन कर आवश्यक कार्रवाई के लिए सुरक्षित रखा गया है। एसपी सिटी ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके मेरठ के तत्कालीन एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने सोतीगंज में वाहनों के कटान के व्यापार को बंद कराया था। अवैध कारोबार करके बनाई गई करोड़ों रुपये की कबाड़ियों की संपत्ति जब्तीकरण की

# Jaswinder Bhalla

## ऑडियो कैसेट से की कॉमेडी करियर की शुरुआत, कई सुपरहिट फिल्मों का हिस्सा रहे जसविंदर भल्ला




पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री शोक में है, क्योंकि मशहूर पंजाबी कॉमेडियन-एक्टर जसविंदर भल्ला का निधन हो गया है। 65 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहने वाले जसविंदर भल्ला ने कई पंजाबी फिल्मों में काम किया है। इनमें कई हिट व बड़ी फिल्में भी शामिल हैं। उनका अंतिम संस्कार कल शनिवार को किया जाएगा। जानते हैं अपने करियर में किन फिल्मों का हिस्सा रहे जसविंदर भल्ला। 4 मई 1960 को लुधियाना में जन्में जसविंदर भल्ला के पिता प्राइमरी स्कूल के टीचर थे। जसविंदर भल्ला काफी पढ़े-लिखे थे। पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी से बीएससी और एमएससी की पढ़ाई करने के बाद, उन्होंने मेरठ के चौधरी चरण सिंह पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज से पीएचडी की डिग्री भी हासिल की थी। वो साल 2020 में अपनी नौकरी से रिटायर हुए। जसविंदर भल्ला ने साल 1988 में ऑडियो



कैसेट 'छनकटा' 1988 से बतौर कॉमेडियन अपनी शुरुआत की। बाद में इस सीरीज की लगभग 27 से भी ज्यादा ऑडियो और वीडियो कैसेट रिलीज हुईं। इसके बाद उन्होंने 1998 में आई फिल्म 'दुल्ला भाटी' से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की। और यहीं से उन्हें पहचान मिली। उनकी प्रमुख फिल्मों में 'जिन्ने मेरा दिल लुटिया', 'जट एंड जूलियट', 'कैरी ऑन जट्टा', 'सरदार जी', 'पावर कट', 'मुंडे कमाल दे', 'किटी पार्टी' और 'कैरी ऑन जट्टा 3' जैसी सुपरहिट फिल्में शामिल हैं। उन्होंने दिलजीत दोसांझ जैसे बड़े स्टार्स के साथ भी कई फिल्में कीं।

# आमिर खान की '3 इडियट्स' में अभिनय करने वाले पोतदार का निधन, 91 की उम्र में ली अंतिम सांस




**Achyut Potdar Passed away:** आमिर खान की फिल्म में प्रोफेसर की भूमिका में नजर आए चर्चित अभिनेता अच्युत पोतदार के निधन की खबर है।91 साल की उम्र में अभिनेता अच्युत पोतदार ने अंतिम सांस ली है। वह हिंदी फिल्मों में सहायक भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। आमिर खान की फिल्म '3 इडियट्स' में अच्युत पोतदार ने एक प्रोफेसर का रोल किया था। उनका फिल्म में एक चर्चित डायलॉग था, **'अरे कहना क्या चाहते हो?'** यह डायलॉग फिल्म के बाद काफी पॉपुलर हुआ, मीम्स की दुनिया में भी यह डायलॉग खूब इस्तेमाल किया जाता है। अभिनेता अच्युत पोतदार की तबियत 18 अगस्त को अचानक खराब हुई, उन्हें हास्पिटल में भर्ती कराया गया लेकिन वह स्वस्थ्य ना हो सके। अब उनके निधन की खबर सामने आई, इस खबर से सिनेमा जगत में शोक की लहर है। 19 अगस्त यानी मंगलवार को अच्युत पोतदार का अंतिम संस्कार किया जाएगा। मध्य प्रदेश के रीवा में प्रोफेसर के तौर पर अच्युत ने काम किया। फिर वह सेना में शामिल हुए। 1967 में कैप्टन के पद से रिटायर हुए। आगे चलकर उन्होंने इंडियन ऑयल कंपनी में काम किया। यही काम करते हुए वह थिएटर से जुड़ गए, स्टेज पर प्ले में एक्टिंग करने लगे। फिर 44 साल की उम्र में फिल्मों की दुनिया में कदम रखा। वह फिल्म '3 इडियट्स' में प्रोफेसर का रोल निभाकर ही मशहूर हुए थे। सिर्फ आमिर खान की '3 इंडियट्स' में ही अच्युत ने अभिनय नहीं किया। वह कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा बने। वह 'दबंग 2', 'फेरारी की सवारी' और अमिताभ बच्चन की 'भूतनाथ' में भी नजर आए थे। टीवी सीरियल 'अमिता का अमित' उन्होंने अभिनय

# Govinda: सुनीता के साथ गोविंदा के तलाक की खबरों को मैनेजर ने बताया गलत, बोले- ऐसा कुछ नहीं है



**एक्टर गोविंदा और पत्नी सुनीता के तलाक की खबरें** इस वक्त सुर्खियां बटोर रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सुनीता गोविंदा से अलग हो रही हैं। इन सभी खबरों पर इनके मैनेजर ने क्या कुछ कहा है, चलिए जानते हैं। बॉलीवुड के सुपरस्टार गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के रिश्ते पर पिछले कुछ दिनों से तलाक की खबरें तेज़ी से सुर्खियां बटोर रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि सुनीता ने गोविंदा से अलग होने का फैसला ले लिया है और उन्होंने मुंबई के बांद्रा फैमिली कोर्ट में तलाक की अर्जी भी लगा दी है। हालांकि, गोविंदा के मैनेजर से बात की तो उन्होंने इन खबरों को पूरी तरह से निराधार बताया है। जब तलाक की चर्चाएं तेज हुईं तो मैनेजर ने साफ किया कि इस तरह की खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा कि दोनों एक





दूसरे से तलाक नहीं रहे हैं ना ही सुनीता ने इसके लिए कोई डिवोर्स फाइल नहीं किया है, इसलिए तलाक की खबरें पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। कैमरे पर बेहद भावुक होते हुए बताया कि उन्होंने बचपन से ही माता से प्रार्थना की थी कि उनकी शादी गोविंदा से हो और उनका जीवन खुशहाल गुजरे। सुनीता ने कहा कि देवी ने उनकी हर मन्नत पूरी की- शादी भी हुई और दो बच्चे भी मिले। **गोविंदा और सुनीता की शादी 1987 में हुई थी। दोनों के दो बच्चे हैं- टीना आहूजा और यशवर्धन आहूजा।** कुछ समय पहले भी इन खबरों पर खुद सुनीता ने विराम लगाया था। उन्होंने इंटरव्यू में कहा था कि जब तक मैं खुद ना बोल दूं कि मैं गोविंदा से अलग हो रही हूं तब तक किसी की भी बात और खबर पर यकीन मत करिए।

# Thama Teaser

## सामने आया मैडॉक की अगली फिल्म 'थामा' का टीजर, इस बार हॉरर के साथ लव स्टोरी देखेंगे दर्शक




**Thama Teaser Out:** दिनेश विजन की अगली फिल्म है 'थामा'। इसमें आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना लीड रोल में हैं। आज मंगलवार को फिल्म का टीजर जारी हुआ है। मैडॉक फिल्म्स के हॉरर यूनिवर्स की फिल्में 'स्त्री' और 'स्त्री 2' जबर्दस्त हिट रही हैं। अब इस यूनिवर्स की अगली फिल्म आ रही है, जिसका नाम है 'थामा'। इसमें आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म से दोनों के फर्स्ट लुक पहले ही रिवील हो चुके हैं। आज इसका टीजर भी सामने आ गया है। जानते हैं कैसा है टीजर? मैडॉक फिल्म के यूट्यूब चैनल से फिल्म 'थामा' का टीजर जारी किया गया है। 'थामा' दिनेश विजन के मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-मैडॉक फिल्म के यूट्यूब चैनल से फिल्म 'थामा' का टीजर जारी किया गया है। 'थामा' दिनेश विजन के मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की पहली लव स्टोरी है फिल्म है। टीजर की शुरुआत में आयुष्मान खुराना और रश्मिका को जंगल में दिखाया गया है। सवाल सुनाई देता है, **'रह पाओगी मेरे बिना? 100 साल तक'। जवाब मिलता है, '100 साल तो क्या, एक पल के लिए भी नहीं'** फिल्म 'थामा' का टीजर करीब 1 मिनट 49 सेकेंड का है। काफी दिलचस्प है। इस फिल्म के टीजर में मलाइका अरोड़ा की भी डांस करते हुए झलक है, इनके अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी और परेश रावल जैसे सितारे भी 'थामा' का हिस्सा हैं। यह फिल्म इस साल दिवाली के मौके पर दुनियाभर के थिएटर्स में दस्तक देगी।

# War 2: क्या तय समय से पहले OTT पर रिलीज होगी 'वॉर 2'? जानें किस प्लेटफॉर्म पर देख सकेंगे ऋतिक-एनटीआर की फिल्म




War 2 Ott Release: ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की एक्शन ड्रामा फिल्म 'वॉर 2', 14 अगस्त 2025, को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म जल्द ही ओटीटी पर उपलब्ध होगी। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के एक्शन से भरपूर फिल्म 'वॉर 2' दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है। यह फिल्म लगातार बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। जानिए सिनेमाघरों के बाद अब फिल्म 'वॉर 2' कौन से ओटीटी प्लेटर्म पर रिलीज होगी। वॉर 2 ने पहले दिन 52 करोड़ रुपये से बॉक्स ऑफिस पर अपना खाता खोला। वहीं फिल्म ने दूसरे दिन शुक्रवार को 57.35 करोड़ रुपये की कमाई की और तीसरे दिन शनिवार को फिल्म ने 33.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया। फिल्म ने चौथ दिन रविवार को 32.15 करोड़ रुपये और पांचवें दिन सोमवार को 8.4 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। वहीं आज अभी तक फिल्म ने छठे दिन 5 लाख रुपये की कमाई की है, ये आंकड़े पूरे दिन में बदलेंगे। वहीं फिल्म ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 183.65 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है।

# Gold Silver Price



Gold Silver Price: सोने-चांदी की कीमतों में बढ़त का सिलसिला जारी है। बुधवार को सोने का भाव 200 रुपये बढ़कर 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। वहीं चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 1,12,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई।स्टॉकिस्टों की मजबूत खरीदारी के बीच बुधवार को राजधानी में सोने का भाव 200 रुपये बढ़कर 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव बुधवार को 100 रुपये बढ़कर 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। वहीं चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 1,12,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि बुधवार को सोने में मध्यम सकारात्मक रुख रहा। सुरक्षित निवेश की मांग जारी रहने से कीमती धातुओं की कीमतों में तेजी आई।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को दवा आयात पर नए टैरिफ लगाने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि टैरिफ की शुरुआत कम होगी, लेकिन समय के साथ यह 250 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। इसके अलावा ट्रम्प ने संकेत दिया कि सेमीकंडक्टर और चिप्स पर टैरिफ के संबंध में घोषणा जल्द ही की जाएगी।गांधी ने कहा कि इस टैरिफ संबंधी अनिश्चितता ने कीमती धातुओं पर जोखिम प्रीमियम बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि व्यापारी दिन में बाद में फेडरल रिजर्व के सदस्यों के भाषणों पर नजर रखेंगे। यह बुलियन कीमतों की दिशा के बारे में आगे मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

# घरेलू शेयर बाजार में तेजी

## सेंसेक्स 150 अंक उछला, निफ्टी 24600 के पार



घरेलू शेयर में गुरुवार को तेजी देखी गई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 154.07 अंक चढ़कर 80,693.98 पर पहुंचा। ऐसे ही निफ्टी 45 अंक बढ़कर 24,664.35 पर आ गया। ऐसे ही शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 2 पैसे गिरकर 87.49 पर आ गया। एचडीएफसी बैंक और टीसीएस जैसे ब्लू-चिप शेयरों में खरीदारी और अमेरिकी बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच गुरुवार को शेयर बाजार में हरियाली दिखी। शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी दर्ज की गई। पिछले दिन की तेजी को जारी रखते हुए 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 154.07 अंक चढ़कर 80,693.98 पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 45 अंक बढ़कर 24,664.35 पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस, सन फार्मा, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, मारुति और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) सबसे ज्यादा फायदे में दिखी। हालांकि, टाटा स्टील, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एनटीपीसी और अदानी पोर्ट्स पिछड़ते नजर आए। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 3,644.43 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,623.79 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।एशियाई बाजारों में शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहा था, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग लाल निशान पर कारोबार कर रहे थे।

# Market Closing Bell



Sensex-Nifty Closing Bell: हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को भारतीय बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 166.26 अंक गिरकर 80,543.99 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 73.35 अंक गिरकर 24,574.20 अंक पर आ गया। आइए जानते हैं, बाजार का हाल विस्तार से।आरबीआई ने ब्याज दरों को 5.5 प्रतिशत पर तटस्थ रखने का फैसला किया। इस फैसले से दर संवेदनशील क्षेत्रों में गिरावट देखने को मिली। बुधवार को बाजार मामूली गिरावट के बाद लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 166.26 अंक या 0.21 प्रतिशत गिरकर 80,543.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 261.43 अंक या 0.32 प्रतिशत गिरकर 80,448.82 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 73.35 अंक या 0.31 प्रतिशत गिरकर 24,574.20 पर बंद हुआ।

# गवर्नर ने खारिज किया ट्रंप का 'मृत अर्थव्यवथा का बयान,



आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक का ब्योरा देते हुए बुधवार को कहा, हम वैश्विक वृद्धि में करीब 18 फीसदी योगदान दे रहे हैं। यह करीब 11 फीसदी का योगदान देने वाले अमेरिका से कहीं अधिक है। जहां तक मृत अर्थव्यवस्था की बात है तो, भारतीय जीडीपी के चालू वित्त वर्ष में 6.5 फीसदी की रफ्तार से बढ़ने की उम्मीद है, जबकि अमेरिका की विकास दर 2 फीसदी रहने का अनुमान है।आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मृत अर्थव्यवस्था के बयान को खारिज करते हुए कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है। वैश्विक वृद्धि में भारत का योगदान अमेरिका से काफी अधिक है। मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक का ब्योरा देते हुए बुधवार को कहा, हम वैश्विक वृद्धि में करीब 18 फीसदी योगदान दे रहे हैं। यह करीब 11 फीसदी का योगदान देने वाले अमेरिका से कहीं अधिक है। जहां तक मृत अर्थव्यवस्था की बात है तो, भारतीय जीडीपी के चालू वित्त वर्ष में 6.5 फीसदी की रफ्तार से बढ़ने की उम्मीद है, जबकि अमेरिका की विकास दर 2 फीसदी रहने का अनुमान है। वैश्विक वृद्धि दर तीन फीसदी रह सकती है।

# कम हो सकती हैं पेट्रोल-डीजल की कीमतें



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बाद ओपेक देशों ने तेल उत्पादन बढ़ाने पर सहमति जताई है। अब वह हर दिन 547000 बैरल तेल उत्पादन बढ़ाएंगे। तेल उत्पादन बढ़ाने के इस कदम से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी आ सकती है। तेल निर्यातक देशों के समूह ओपेक+ गठबंधन के सदस्य देशों ने तेल उत्पादन बढ़ाने पर सहमति जताई है। अब ओपेक देश हर दिन 547000 बैरल तेल उत्पादन बढ़ाएंगे। ओपेक देशों के इस कदम से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी आ सकती है। अभी तक ये देश अपनी मर्जी से कम तेल उत्पादन कर रहे थे। उन्होंने यह कम उत्पादन नवंबर 2023 में शुरू किया था, जिसे सितंबर 2026 तक चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की योजना थी। लेकिन अब यह फैसला किया गया है कि वे स्वैच्छिक उत्पादन कटौती को तय समय से पहले ही समाप्त कर देंगे।इससे पहले जुलाई में भी ओपेक+ ने फैसला किया था कि अगस्त में वे हर दिन 548,000 बैरल तेल ज्यादा बनाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर बाजार की स्थिति ठीक नहीं रही, तो वे फिर से उत्पादन कम कर सकते हैं। जब उत्पादन बढ़ता है, तो आमतौर पर तेल और गैसोलीन की कीमतें गिर सकती हैं। लेकिन शोध फर्म क्लियरव्यू एनर्जी

# रिटायरमेंट के बाद नहीं होगी पैसों की दिक्कत


## 8 हजार रुपये निवेश करके इतने वर्षों में जुटा सकते हैं 2.26 करोड़



आज हम आपको एक शानदार स्कीम के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां निवेश करने के बाद आप रिटायरमेंट के समय तक आर्थिक स्वतंत्रता हासिल कर सकते हैं।बीते वर्षों में प्राइवेट सेक्टर का दायरा बढ़ा है। वहीं सरकार द्वारा पुरानी पेंशन स्कीम के खत्म होने के बाद सरकारी क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारी भी अपने रिटायरमेंट के बाद की जिंदगी को लेकर चिंतित रहते हैं। अगर समय रहते रिटायरमेंट के बाद के जीवन को लेकर फाइनेंशियल प्लानिंग न की जाए, तो 60 की उम्र के बाद व्यक्ति को आर्थिक दिक्कतें परेशान करने लगती हैं। इस कारण आपको नौकरी करने के साथ-साथ किसी अच्छी जगह पर निवेश करना जरूरी है, ताकि आप रिटायरमेंट के बाद अपने लिए अच्छे खासे पैसे इकट्ठा कर सकें। इसी सिलसिले में आज हम आपको एक शानदार स्कीम के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां निवेश करने के बाद आप रिटायरमेंट के समय तक आर्थिक स्वतंत्रता हासिल कर सकते हैं। इसमें आपको म्यूचुअल फंड स्कीम में निवेश करना है। कई म्यूचुअल फंड स्कीम्स ने बीते वर्षों में निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया है। विशेषज्ञों के मुताबिक यहां से आप लॉन्ग टर्म में अच्छे खासे पैसे इकट्ठा कर सकते है


BOOK YOUR ADVERTISEMENT
+91 7088120612


PAYOUT WALLET
Transform Your Vision into Reality – Grow Your Business Smarter with PlanetC Technology
GAMING
SALARY
UTILITY
WHY CHOOSE US?
Unleash The Potential
Convenience at Your Command
Personalized to Perfection
Unmatched Security
CONTACT NOW
PlanetC Technology
WE'LL MAKE IT SIMPLE AND EASY TO USE
Username
Password
TRY IT NOW
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120300


PLANET NEWS INDIA
हर खबर सच के साथ
PROMOTE YOUR BUSSINESS ON NEWS CHANNEL
Enquire today for best News Channel Ad Packages
Our Service:
Product Advertising
Service Advertising
Business Advertising
Contact Us
+91 7088120612
www.planetnewsindia.com
Follow on:


Book Your AD Here
ADS
+91 7088120612


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
WE ARE HIRING
FOR FIELD SALES & MARKETING
OPEN POSITION
Field sales executive
Field sales officer
Team leader
APPLY NOW
VACANCY
Send your CV to:
hr@planetctechnology.com
B-9, Gayatri Bhawan, Vikram Colony Ramghat Road Aligarh, Uttar Pradesh, 202001


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
Follow us on:/
DIGITAL INDIA के ज़माने में
बढ़ाएं अपनी इनकम
MULTI RECHARGE SOFTWARE
के साथ...
साथ में मिलेगी ये सुविधाएं...
Mobile Recharge
DTH Recharge
Bill Payment
Pan Card
BBPS Service
Money Transfer
AEPS Cash Withdrawal
SPECIAL OFFER
Rs.60,000
मात्र
Rs. 40,000
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120900


Book Your AD Here
ADS
+91 7088120612

# Ro-Ko

## रोहित और कोहली के भविष्य पर बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने तोड़ी चुप्पी, विदाई की खबरों पर दी ये प्रतिक्रिया

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के भविष्य पर चुप्पी तोड़ी है। राजीव ने इन दोनों दिग्गजों के संन्यास की अटकलों को खारिज किया है और कहा है कि ये दोनों अभी भी वनडे में खेल रहे हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट प्रारूप से संन्यास के बाद रोहित और कोहली के वनडे भविष्य को लेकर भी कई तरह की अटकलें चल रही हैं। ऐसी खबरें भी चल रही हैं कि अक्तूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद यह दोनों बल्लेबाज वनडे प्रारूप को लेकर भी बड़ा फैसला ले सकते हैं। रोहित और कोहली ने वनडे टीम में वापसी से पहले ट्रेनिंग शुरू कर दी है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि बीसीसीआई रोहित और कोहली के वनडे भविष्य को लेकर जल्दबाजी में नहीं है। अब इस मामले को लेकर राजीव शुक्ला का बयान सामने आया है। दरअसल, एक कार्यक्रम के दौरान एंकर ने बीसीसीआई उपाध्यक्ष से पूछा कि जब रोहित-कोहली संन्यास का फैसला लेंगे तो क्या सचिन तेंदुलकर की तरह उन्हें भी विदाई दी जाएगी? इस पर राजीव शुक्ला ने सवाल खड़े किए और कहा कि लोग क्यों इन दोनों के बारे में चिंता कर रहे हैं, जबकि वे अभी भी वनडे में खेल रहे हैं। शुक्ला ने कहा, 'उन्होंने कब संन्यास लिया? रोहित शर्मा और विराट कोहली




दोनों अभी भी वनडे खेलेंगे, तो अगर खेल ही रहे हैं तो अभी विदाई की बात क्यों? आप लोग अभी से चिंता क्यों कर रहे हैं?' **शुक्ला ने यह भी कहा कि बीसीसीआई कभी किसी खिलाड़ी को संन्यास लेने के लिए नहीं कहता और यह फैसला उन्हें ही करना है।** उसे खुद ही यह फैसला लेना होगा। बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने बताया कि कोहली अभी भी सबसे फिट खिलाड़ियों में से एक हैं और रोहित एक बेहतरीन वनडे खिलाड़ी बने हुए हैं। शुक्ला ने प्रशंसकों से कहा कि जब इस स्टार जोड़ी की बात हो तो इस समय विदाई के बारे में न सोचें। उन्होंने कहा, जब वो पल आएगा, तो हम आपको बताएंगे कि उसे कैसे पार करना है। आप लोग तो अभी से विदाई की बात कर रहे हैं। कोहली बिलकुल फिट हैं, वो आगे बढ़ रहे हैं। रोहित शर्मा बहुत अच्छा खेल रहे हैं और आप लोग अभी से विदाई की चिंता कर रहे हैं। **ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नजर आ सकते हैं रोहित-कोहली**

रोहित और कोहली ने भारत के लिए आखिरी मैच इस साल चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में खेला था। **यह दोनों स्टार बल्लेबाज अब 19 से 25 अक्तूबर तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज में खेलते नजर आएंगे।**

# RCB

## कप्तानी के लिए कोहली के नाम पर हुई थी चर्चा! बोबात ने बताया, रजत को कमान सौंपने पर क्या थी विराट की राय?




**आईपीएल 2025 की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी)** के क्रिकेट निदेशक मो बोबात ने बताया कि किस तरह फ्रेंचाइजी ने सीजन की शुरुआत से पहले टीम के नए कप्तान को लेकर चौंकाने वाला फैसला लिया।पाटीदार के नेतृत्व में आरसीबी ने अपनी पहली ट्रॉफी जीती थी और खिताब अपने नाम किया था। बोबात ने कहा, नीलामी में हमारे पास जो विकल्प थे, उनमें से एक था कि अगर हम निरंतरता बनाए रखना चाहते हैं, तो हम निश्चित रूप से फाफ को वापस खरीद सकते हैं। यह एक विकल्प था। दूसरा विकल्प यह हो सकता था कि हम विराट को कप्तानी के लिए वापस चुन सकते थे। वह पहले भी कप्तानी कर चुके हैं, भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक हैं। मुझे पूरा यकीन है कि अगर हमने उनसे ऐसा करने के लिए कहा होता, तो वह कहते, 'हां, चलो इसे आज़माते हैं' क्योंकि उन्हें फ्रेंचाइजी की बहुत परवाह है। उन्होंने कहा, हमारे पास दूसरा रिटेंशन विकल्प पाटीदार था और मुझे यकीन था कि हम उसे रिटेन करेंगे। इसलिए, जब हम धर्मशाला में थे, मैंने उससे बात की। मुझे लगता है कि वह थोड़ा हैरान हुआ क्योंकि उसे लगा कि हम शायद उसकी बल्लेबाजी या किसी और चीज पर बात करेंगे। मुझे याद है कि मैंने उससे पूछा था कि क्या उसकी कप्तानी या नेतृत्व करने की कोई ख्वाहिश है और वह शायद यह सवाल सुनकर थोड़ा हैरान हुआ होगा। लेकिन उसने कहा, हां, उसे नेतृत्व और कप्तानी का विचार पसंद है।

# Lionel Messi

## दोस्ताना मैच खेलने केरल आएंगे मेसी, नवंबर में होगा मुकाबला; राज्य के खेल मंत्री ने की पुष्टि



अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने बताया था कि मैनेजर लियोनेल स्कोलोनी के नेतृत्व में उनकी राष्ट्रीय टीम लुआंडा, अंगोला और केरल में दोस्ताना मैच खेलेगी। केरल के खेल मंत्री ने कहा कि राज्य के लाखों फुटबॉल प्रशंसक इस मैच का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने शनिवार को इस बात की पुष्टि कर दी है कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम इस साल नवंबर में दोस्ताना मुकाबले के लिए केरल का दौरा करेगी। दिलचस्प बात यह है कि इस टीम में स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी भी शामिल होंगे। अब्दुरहीमान अर्जेंटीना फुटबॉल संघ (एएफए) की घोषणा के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने बताया था कि मैनेजर लियोनेल स्कोलोनी के नेतृत्व में उनकी राष्ट्रीय टीम लुआंडा, अंगोला और केरल में दोस्ताना मैच खेलेगी। अब्दुरहीमान ने कहा कि राज्य ने शुरू में एएफए से इस साल अक्तूबर या नवंबर में मैच आयोजित करने का अनुरोध किया था। अब्दुरहीमान ने कहा, शुरुआत में एएफए ने इस मैच को 2026 के लिए निर्धारित किया था। हालांकि हमने उनसे संपर्क किया और अनुरोध किया कि वे इस साल केरल में मैच आयोजित करें। अब एएफए ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि कर दी है। हमारा इरादा 2022 विश्व कप जीतने वाली अर्जेंटीना टीम को भारत लाने का है। अर्जेंटीना फुटबॉल टीम को केरल लाने के लिए काफी प्रयास किए गए हैं। हमने बाकी व्यवस्थाओं की योजना बनाना शुरू कर दिया है और जल्द ही मुख्यमंत्री के साथ आयोजन स्थल सहित अन्य विवरणों पर चर्चा करेंगे। केरल के खेल मंत्री ने कहा कि राज्य के लाखों फुटबॉल प्रशंसक इस मैच का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, **'हमारा इरादा केरल में प्रशंसकों को मेसी को खेलते देखने का एक मंच प्रदान करना है।'** मंत्री ने आगे कहा कि केंद्रीय खेल मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक ने इस आयोजन को मंजूरी दे दी है और इस संबंध में एक सरकारी आदेश जारी कर दिया गया है। विपक्षी टीम के बारे में अब्दुरहीमान ने कहा, हम फीफा की शीर्ष 50 टीमों में से एक टीम का चयन करेंगे। कई टीमों ने हमसे संपर्क किया है। ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल टीम ने रुचि दिखाई है और हमारा उनके साथ खेल विनिमय समझौता भी है। इसी तरह तीन-चार अन्य टीमों ने भी हमसे संपर्क किया है।



# FIFA WC 2026

## 'क्या मैं इसे रख सकता हूं?' फीफा विश्व कप ट्रॉफी के दीवाने हुए ट्रंप; इंफेंटिनो से की खास अपील



फीफा प्रमुख जियानी इंफेंटिनो ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात की और उन्हें फीफा विश्व कप की ट्रॉफी दिखाई। 2026 में होने वाले फीफा विश्व कप की मेजबानी अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि फीफा विश्व कप 2026 के लिए वाशिंगटन में पांच दिसंबर को ड्रॉ निकाला जाएगा। इसके बाद उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि क्या वह विश्व कप की ट्रॉफी अपने पास रख सकते हैं? इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए केनेडी सेंटर में ड्रॉ निकाला जाएगा। 2026 में होने वाले फीफा विश्व कप की मेजबानी अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको करेंगे। फीफा प्रमुख जियानी इंफेंटिनो ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात की और उन्हें फीफा विश्व कप की ट्रॉफी दिखाई। इस चमचमाती ट्रॉफी को देखकर ट्रंप दीवाने हो गए। इंफेंटिनो ने कहा, 'केवल फीफा अध्यक्ष, देशों के राष्ट्राध्यक्ष और विजेता ही इसे (ट्रॉफी को) छू सकते हैं, क्योंकि यह केवल विजेताओं के लिए है। चूंकि आप विजेता हैं, तो निश्चित रूप से आप इसे छू भी सकते हैं।' इस पर ट्रंप ने मजाकिया अंदाज में कहा, क्या मैं इसे रख सकता हूं? यह सोने का एक सुंदर टुकड़ा है। 2018 में राष्ट्रपति के तौर पर ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान अमेरिका को 2026 फीफा विश्व कप का संयुक्त मेजबान बनाया गया था। सत्ता में वापसी के बाद से ट्रंप ने आव्रजन पर बड़ी कार्रवाई शुरू की है, लेकिन उन्होंने कहा कि अधिकांश विश्व कप प्रशंसकों के लिए वीजा प्राप्त करना बहुत आसान होगा। ट्रंप ने कहा, कुछ देशों से आने वाले प्रशंसकों के लिए वीजा मिलना स्पष्ट रूप से थोड़ा अधिक कठिन होगा। ट्रंप ने अफगानिस्तान, हैती और ईरान सहित 12 देशों से आने वाले लोगों पर प्रतिबंध लगाया